अब वह भी बूढ़ा हो रहा था और पत्नी के जाने के बाद था भी एक दम अकेला। शारीरिक और मानसिक शक्ति के क्षीण होने के साथ ही वह बिस्तर से लग गया। उसका व्यवसाय उसके बेटों ने संभाल लिया था। बीमारी और अकेलेपन में उसे भावनात्मक संबल की जरूरत महसूस होने लगी थी। एक दिन उसने अपने बेटों से कहा कि कभी–कभी दो पल मेरे पास बैठ जाया करो, तो उन्होंने जो जवाब दिया, पापा आप ने ही तो सीखाया है ––––, 'आपको जिन्दा रहने के लिए क्या चाहिए? अच्छा खाना और अच्छी दवाइयाँ, हमें नहीं लगता कि इसमें कोई कमी है। अगर किसी भी प्रकार से धन की कमी हैं तो बतायें हम और दे देंगे। ' यह सुनकर उसे पता चला कि उसने अपनी जिंदगी के कितने अनमोल पलों को अपनी महत्वाकांक्षा के बोझ तले कुचल दिया।

इसलिए एक बाइक या कार के लिए हर दिन रेस डे हो सकता है, पर हम इंसानों के लिए नहीं। यह खूबसूरत दुनिया हम अपनी सुन्दर इंसानी आँखों से शायद एक बार ही देख पाते हैं! इसे समझ लिया तो जीने का ढंग स्वयं आ जायेगा।

अपने जीते जी अपनी संपत्ति बच्चों के नाम न करवाना दूरदर्शिता ही होगी

सीताराम गुप्ता

प्रेमचंद की कहानियाँ आज भी कम प्रासंगिक नहीं। पूर्ण रूप से न सही आशिंक रूप से अवश्य हैं। कहानी पंच परमेश्वर को ही लीजिए। बेशक अलगू चौधरी और जुम्मन षेख़ जैसे पंच आज दुर्लभ हो गए हैं लेकिन जुम्मन षेख़ की बूढ़ी ख़ाला जैसी बूढ़ी औरतें और मर्द आज भी मौजूद हैं जो अपना सब कुछ किसी के नाम करवा देने के बाद अपमान, उपेक्षा और देखभाल में लापरवाही का शिकार हैं। प्रेमचंद की कहानी बूढ़ी काकी की काकी जैसे न जाने कितने किरदार आज भी देखे जा सकते हैं जो अपनी समस्त जायदाद अपने निकट संबंधियों के नाम करवाने के बाद दो वक़्त की रोटी तक के लिए मुहताज हैं। जब व्यक्ति अशक्त हो जाता है तो उसे अपने नज़दीकी रिश्तेदार ही सबसे बड़े मददगार नज़र आते हैं और ऐसे अधिकांश नज़दीकी रिश्तेदार जमीन–जायदाद अपने नाम करवा लेने के बाद धोखा देने में कोई कसर नहीं रख छोड़ते। रिश्तेदार छोड़िए अपने सगे बेटे–बेटियाँ भी कई बार कम निकम्मे और धोखेबाज़ नहीं निकलते इसलिए अपनी संपत्ति दूसरों के नाम करवाने से पहले अच्छी तरह से सोच–विचार कर लेने में कोई बुराई नहीं।

अधिकांश व्यक्ति जब सेवानिवृत्त हो जाते हैं अथवा अपना कारोबार आदि करना बंद कर देते हैं तो प्रायः अपना व्यवसाय आदि बच्चों के हवाले कर देते हैं। कुछ लोग अपनी जीवन भर की बचत अथवा कुल जमा पूँजी भी बच्चों को दे देते हैं व अपनी समस्त चल–अचल संपत्ति भी उनके नाम करवा देते हैं। इसमें कोई बुराई नहीं क्योंकि बाद में ये सब उन्हीं को तो मिलना होता है। लेकिन इसके बावजूद सेवानिवृत्त अथवा वृद्ध व्यक्तियों द्वारा अपने जीते जी सारी संपत्ति बच्चों के नाम करवा देना उचित प्रतीत नहीं होता क्योंकि हर काम उचित समय पर किया जाना ही लाभप्रद होता है। किसी भी कार्य में जल्दबाज़ी ख़तरनाक हो सकती है। विशेश रूप से संपत्ति के हस्तांतरण के मामलों में। संपत्ति एक तरह से सुरक्षा की गारंटी है। किसी दबाव में आकर संपत्ति का हस्तांतरण करना तो बिल्कुल भी उचित नहीं। जब मरने के बाद सारी संपत्ति बच्चों अथवा वैधानिक उत्तराधिकारियों को ही मिलनी है तो फिर जीते जी सारी संपत्ति उनके नाम करवाने का क्या औचित्य हो सकता है?

यदि कोई व्यक्ति अपने जीते जी अपनी सारी संपत्ति बच्चों के नाम करवा देता है तो इससे भविश्य में उसके लिए कई समस्याएँ खड़ी हो सकती हैं। आपके नाम की संपत्ति एक ऐसी चीज़ है जो आपको अनेक समस्याओं से बचा सकती है। इससे आपके नज़दीकी रिश्तेदार न केवल आपसे जुड़े रहते हैं अपितु संपत्ति के लोभवश आपकी देखभाल करने को भी तत्पर रहते हैं। सबसे मुख्य बात तो ये है कि जब व्यक्ति के पास कुछ भी नहीं होगा तो उसे स्वयं कमतरी का अहसास होने लगेगा। उसे हर बात के लिए दूसरों का मुँह तकना पड़ेगा। वो अपनी इच्छा से कुछ नहीं

कर पाएगा। ऐसे में उसका आत्मविश्वास समाप्त हो जाएगा और व्यक्तित्व भी धूमिल पड़ने लगेगा। कुछ लोगों को जैसे ही माता–पिता अथवा नज़दीकी रिश्तेदारों की संपत्ति मिलती है उनका व्यवहार बदल जाता है। संपत्ति हस्तांतरण के बाद अथवा नकद पैसा मिल जाने के बाद उनकी प्राथमिकताएँ बदल जाती हैं। जल्दी ही वे माता–पिता अथवा रिश्तेदारों में कमियाँ निकालना षुरू कर देते हैं। कुछ लोग न केवल उपेक्षा से पेश आने लगते हैं अपितु माता–पिता अथवा नवाश्रितों का अपमान तक करने लग जाते हैं।

कई निकम्मे बेटे–बेटियाँ तो माता–पिता की संपत्ति मिलते ही उन्हें घर से बाहर कर देते हैं। सुविधाओं की बात छोड़िए वे दाने–दाने को मुहताज हो जाते हैं। बुढ़ापे और बीमारियों के कारण कइयों की दशा और भी षोचनीय हो जाती है। कई लोग माता–पिता के अशक्त होते ही उन्हें किसी वृद्धाश्रम में छोड़ आते हैं या बूढ़े माता–पिता बच्चों के दुर्व्यवहार से परेषान होकर स्वयं ही किसी वृद्धाश्रम में चले जाते हैं। वृद्धाश्रमों की बढ़ती संख्या इस बात का प्रमाण है कि इस प्रकार के बच्चों की संख्या बढ़ती जा रही है जो वृद्धावस्था में अपने माता–पिता की ठीक से देखभाल नहीं करते व उनकी संपत्ति लेने के बाद भी उन्हें दर–दर की ठोकरें खाने के लिए विवश कर देते हैं। जब हम अपने चारों ओर इस प्रकार की घटनाएँ घटित होते हुए देखते हैं तो हम सचेत क्यों नहीं रहते? हम क्यों अपनी संपत्ति बच्चों के हवाले करके ख़ुद अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारते हैं?

वास्तव में माता–पिता अपने बच्चों से बहुत प्यार करते हैं और उन पर पूरा विष्वास भी करते हैं। वे सपने में भी नहीं सोच सकते कि उनके बच्चे उनके साथ ग़लत व्यवहार कर सकते हैं। प्रायः सभी का ये कहना होता है कि उनके बच्चे औरों के बच्चों जैसे नहीं हैं। वास्तविकता तो ये है कि हमारे बच्चे कितने भी अच्छे क्यों न हों औरों की तरह ही उनके बदलने में भी देर नहीं लगती। जब तक हाथ में सब कुछ है तब तक तो सब भले ही बने रहते हैं। वास्तविकता का पता तो खाली हाथ होने पर लगता है। कुछ लोग तो माता–पिता का पैसा व संपत्ति पाने के लिए ही बहुत अच्छे बन जाते हैं। ऐसे कलाकारों से बचना भी असंभव होता है अतः व्यावहारिकता का पालन करना अनिवार्य है।

यदि अपना बुढ़ापा ख़राब नहीं करना है तो ज़्यादा भावुक होने की बजाय विवेक से काम लेना अनिवार्य है। किसी भी सूरत में बच्चों की चिकनी–चुपड़ी बातों में न आएँ। याद रखिए अपने जीते जी अपनी संपत्ति बच्चों को न देना न तो अनैतिक है और न अव्यावहारिक ही है। आपके जीते जी संपत्ति के बँटवारे के लिए न तो कोई नैतिक रूप से और न ही कानूनी रूप से आपको विवश कर सकता है। यदि आपने अपनी संपत्ति का बँटवारा कर दिया है और इसके बाद बच्चे आपकी ठीक से देखभाल नहीं करते अथवा दुर्व्यवहार करते हैं तो आप अपनी संपत्ति वापस ले सकते हैं लेकिन इसके लिए न्यायालय की मदद लेनी पड़ेगी। क्योंकि ये उम्र न्यायालयों में धक्के खाने की नहीं होती अतः अपनी संपत्ति का बँटवारा करने से पहले भली–भाँति विचार कर लेना अनिवार्य है।

- भविश्य में किसी भी प्रकार की परेशानी से बचने के लिए कुछ चीजें ज़रूरी हैं। अपने जीते जी अपनी संपत्ति बच्चों के नाम न करवाएँ और न ही अपनी बचत अथवा जमा पूँजी ही उनके हवाले करें। जब तक आप संपत्ति के स्वामी हैं तब तक घर में आपकी अपेक्षाकृत अच्छी स्थिति बनी रहेगी इसमें संदेह नहीं।
- लेकिन इसका अर्थ ये नहीं है कि यदि कोई बच्चा सकट में है तो आप उसकी मदद न करें। यदि आपके पास पर्याप्त संपत्ति अथवा पैसे हैं और आपके बच्चों की स्थिति ठीक नहीं है तो ऐसे में उनकी मदद न करना बहुत बुरी बात होगी। यदि बच्चे किसी भी प्रकार के संकट में हैं तो उनकी हर संभव मदद करें लेकिन अपनी स्थिति किसी भी स्थिति में दयनीय न होने दें।

- घर में अपने रहने के लिए उचित स्थान का चयन करें व अपने लिए पर्याप्त स्थान जैसे कमरा व षौचालय आदि सुनिश्चित करें। अपने रहने के स्थान को स्टोर या कूड़ाघर न बनने दें। कभी भी घर के बेकार स्थान अथवा उपेक्षित कोने में अपना ठिकाना न बनाएँ। हमेशा अधिकारपूर्ण रवैया बनाए रखें।

- दूसरों पर अत्यधिक निर्भर रहने की बजाय आत्मनिर्भर रहने का प्रयास करें। यथासंभव न केवल अपना काम स्वयं करने का प्रयास करें अपितु घर के दूसरे सदस्यों के लिए भी जो संभव हो अवष्य करें। परिवार के लिए अपनी उपयोगिता कभी कम न होने दें। ये तभी संभव है जब आप रोगमुक्त व स्वस्थ रहें। इसके लिए अपने स्वास्थ्य की अच्छे से देखभाल करें।

- बच्चे यदि आपकी संपत्ति बेचकर बड़ी संपत्ति लेना चाहते हैं तो वो उनके नाम से नहीं अपितु अपने नाम से लें। यदि ये संभव न हो तो संयुक्त नाम से लें और उसमें भी अपने लिए पर्याप्त व सुविधाजनक स्थान सुनिश्चित कर लें। यदि ऐसा भी संभव न हो तो कोई अन्य संपत्ति अपने नाम करवा लें।

- चालाक बेटे व बहुएँ प्रायः बड़ी संपत्ति अथवा मकान या दुकान खरीदने के नाम पर पुरानी संपत्ति बिकवा देते हैं और नई संपत्ति अपने नाम से ख़रीद लेते हैं। ऐसी स्थिति में सब तो नहीं लेकिन बहुत सारे लोग बाद में अपने बूढ़े माता–पिता की उपेक्षा करना व उनसे दुर्व्यवहार करना षुरू कर देते हैं।

- अपनी पूरी बचत अथवा जमा पूँजी बच्चों के हवाले न करें। जब तक आपकी स्वयं की आर्थिक स्थिति अच्छी है आप बहुत अच्छे हैं। बिल्कुल पैसा पास न होने पर भी व्यक्ति अपने आपको असहाय महसूस करने लगता है। ऐसी स्थिति न आने दें। यदि आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी है तो आप मनचाही सुविधाएँ पा सकते हैं।

- ये भी असंभव नहीं कि आपके बच्चों के पास सचमुच समय की कमी हो और वे आपकी देखभाल के लिए पर्याप्त समय न निकाल सकें। ऐसे में आप अपनी सुविधा व सहायता के लिए किसी सहायक को रख सकते हैं। यदि आपके पास न पैसा होगा और न संपत्ति ही तो ऐसे में आपकी समस्याएँ बढ़ सकती हैं।

- कई माता–पिता स्वयं अपने लिए कई प्रकार की समस्याएँ निर्मित कर लेते हैं। वे जीते जी अपनी संपत्ति का बँटवारा तो कर देते हैं लेकिन वो बँटवारा पूरी तरह से पक्षपातपूर्ण होता है। कुछ माता–पिता कुल संपत्ति में से अपना हिस्सा भी ले लेते हैं और वो अपने चहेते पुत्र अथवा पुत्री को दे देते हैं। ये सरासर ग़लत बात है। आज के समय में बेटी को उसका हिस्सा अवश्य दें। अगर आप नहीं देते हैं तो आप अपने साथ बेटी का हक न देने का पाप ले कर जायेंगे।

- जो भाई अथवा बहन गलत तरीके से दूसरे भाई–बहनों की संपत्ति स्वीकार कर लेते हैं उनसे क्या उम्मीद रखी जा सकती है? पहले तो वे माता–पिता के हिस्से के लालच में मीठी–मीठी बातें करते हैं लेकिन जल्दी ही उनका असली रूप सामने आ जाता है। पक्षपात करने वाले माता–पिता सबसे अधिक दुर्गति झेलते हैं।

- आप अपनी संपत्ति किसी के नाम न करवाएँ लेकिन पक्षपात बिल्कुल न करें। बेहतर तो ये होगा कि आप पक्षपातरहित होकर अपनी विल लिखकर रख लें और उसमें स्पश्ट कर दें कि हमारे या मेरे बाद ही संपत्ति का बँटवारा किया जाए। यदि इस प्रकार की कुछ सावधानियाँ रखी जाएँ तो बढ़ती उम्र में बिना वजह परेशानियाँ नहीं खड़ी होंगी और घर में मान–सम्मान भी बना रहेगा।

Epicurus held man responsible for his happiness or distress

Epicurus of Samos was a major philosopher during the Hellenistic period, who impacted many later thinkers like Karl Marx, Kant and Nietzsche. He founded The Garden, a place where his teachings were put into practice. Contrary to the then prevailing Greek culture, his radical equality enabled women and slaves to join his school.

The misunderstanding of his philosophy which persists till today is that it is rampantly hedonistic and self-indulgently pleasure-seeking. In reality, his philosophy uses pleasure as the highest good, that which is valued for its own sake and not for the sake of anything else. He pointed out that one's actions need to be directed towards attaining that pleasure, ataraxia, that is, deep calm and tranquility. Ataraxia implies abstaining from unnecessary desires and remaining content with simple things and pursuing virtuous habits.

Epicurus advocates reducing desires to the minimum, to just the basic and unavoidable, which can be easily satisfied, as against wealth or power that seems to have no limit and gives a false promise of security. All pleasures are good but the consequences are to be borne in mind.

So if you thought carefully, the initial pleasure you were after might not be worth it.



According to him all of the virtues are ultimately forms of prudence, and seeing what is in one's best interest. The absence of prudence is when indulgence is equated with pleasure – such as overeating or consuming wrong foods; this will ultimately offset the initial pleasure and lead to pain. The key concern should be the weighing of plusses and minuses, of long and short-range satisfaction as in the shreyas and preyas of the Upanishads.

In Epicurus' view, although all pain is undesirable, at times it is necessary to bear pain for a greater gain. Unrestrained excess is sure to cause pain. The pain can be physical or mental, the latter is in the form of

anxiety about the future, and fear of death.

Only by reasoning, using caution, discretion, and avoiding reckless decisions and without fear can one ever achieve a sense of clarity. This may not be easily possible because both experience and discernment take time. Friends and companions with goodwill are required to keep one on the right track, because of the tendency we have to deceive ourselves. They provide a shield against the unknown and troublesome happenings.

The key aspects that mark Epicurus' teachings are – freedom from anxiety, spending time on reflection, freeing oneself from authorities, and above all, nurturing friendships. The more knowledge one gains about oneself the more one recognizes needs and the less one desires what is unnecessary.

Our abundance lies not in what we possess but in what we truly enjoy. And the caution is: Nothing is enough for the one who thinks enough is too little. Happiness is achieved through experience, maturity and discernment.

The responsibility in the Epicurean way of life is not relegated to the gods but is placed squarely upon human shoulders. Epicurus' focus is on building a workable human system that factors personal responsibility in decision making - and in that sense, humans are essentially alone.

All things considered, the correct viewing of Epicurus and his teachings leads us to recognise him more as a tranquilist than a hedonist.

✪☆✪

ईश्वर प्रेम स्वरूप है, उस ने मनुष्य को भी प्रेम स्वरूप बनाया है

जैसे ईश्वर प्रेम स्वरूप है वैसे ही ईश्वर ने मनुष्य को भी प्रेम स्वरूप बनाया है यह अलग बात है मनुष्य जब संसार के प्रलोभनो व मन की बृतियों में में बहकर स्वयं को ईश्वर से अलग कर लेता है तो उसमें कई बुराईयां घर करने लगती है जिस में घृणा भी एक है। अर्थात सूर्य रूपी प्रेम को बादल रूपी घृणा के बादल घेर लेते हैं। यह बादल छट भी जाते हैं जब मनुष्य फिर से ईश्वर के नजदीक आ जाता है। ईश्वर के नजदीक आते ही ईश्वरीय गुण––प्यार, करूणा फिर से लौट जाते हैं।

जिस प्रकार प्रकाश से अन्धेरा दूर होता है, उसी प्रकार प्यार से धृणा का खातमा होता है। जैसे अन्धकार अन्धकार द्वारा खत्म नहीं कर सकता उसी तरह धृणा घृणा को नष्ट नहीं कर सकती। प्यार प्रकाश की तरह है व घृणा अन्धेरे के सामान है। जिस के अन्दर घृणा है वह अन्धकार ही फैला सकता है व जिस के अन्दर दूसरों के लिये प्यार है वह सब को प्रदिप्त करता है, रोशनी प्रदान करता है।

एक दार्शनिक के अनुसार–––बजाये इसके कि हम यह कहें कि अपनी घृणा व क्रोध पर काबू पाओ उससे कहीं अच्छा है हम यह कहें कि सब से प्यार करों जब हम प्यार करेंगे तो घृणा व क्रोध वैसे ही खत्म हो जायेंगे जैसे दीपक के आते ही अन्धकार खत्म हो जाता है।

व्यक्ति प्यार तभी कर सकता है जब वह दूसरे व्यक्ति से कोई इच्छा या अपेक्षा न करता हो और उससे कुछ पाने के स्थान पर उसे कुछ देना ही चाहता हो। प्यार बिना कुछ इच्छा किये बांटने की चीज है। जो व्यकित प्यार पाने का इच्छुक रहता है वह दुखी रहता है और जो प्यार देना ही अपना जीवन का रास्ता बना लेता है वह सुखी रहता है।

निर्भय व स्पष्टवादी स्वामी श्रद्धानन्द की कुछ बातें

बहुत की कम व्यक्ति निर्भय व स्पष्टवादी होते हैं स्वामी श्रद्धानन्द उन इने.गिने व्यक्तियों में एक थे। न किसी ओहदे की इच्छा थी न धन संपति एकत्रित करने की और न ही प्रशंसा सुनने की। ऐसा व्यक्ति निर्भय व स्प्ष्टवादी स्वभाविक रूप से बन जाता है। उनकी कुछ बातें पढ़ी जो कि मैं पठको के साथ सांझा करना चाहुंगा



1 जिस समाज और देश में शिक्षक स्वयं चरित्रवान नहीं होते उसकी दशा अच्छी हो ही नहीं सकती। हमारे यहां टीचर हैं, प्रोफेसर हैं, उस्ताद है, मौलवी हैं पर आचार्य नहीं आचार्य अर्थात आचारवान व्यक्ति कीा इस देश को महती आवश्यकता है। चरित्रवान व्यक्तियों के अभाव में महान से महान तथा धनवान से धनवान राष्ट्र भी समाप्त हो जाते है।

2 समाजिक भेदभाव के कारण आज हमारे करोड़ों भाईयों के दिल टूटे हुये है। जातिवाद के कारण इन्हें काट कर दिया गया है। मैं आप सभी भाईयों बहनों से यह अपील करता हूं िकइस राष्ट्रीय मन्दिर में मातृभूमि के पगेम के पानी के साथ अपने दिलों को शुद्ध करें और वादा करें कि ये लाखो– करोड़ों अब हमारे लिये अछूत नहीं, बल्कि हमारे भाई बहन बनेंगे। अब उनके बेटे बेटियां हमारे स्कूलों में पढ़ेंगे, उनके पुरूष और महिलायें हमारे समाजों में भाग लेगें, आजादी की लड़ाई में कंधे से कधा लगाकर हमारे साथ खड़े होंगे। और हम सभी अपने राष्ट्र का पूर्णता का एहसास महसूस करने के लिये उन्हें छाती से लगायेंगे। छूआछूत ने इस देश की अनेक जटिलताओं को जन्म दिया है। मैं समझता हूं वैदिक वर्ण व्यवस्था द्वारा ही इस का अन्त सम्भव है।

अज्ञान, स्वार्थ, प्रलोभन या फिर उंची जाति के लोगों द्वारा अत्याचार किये जाने पर तंग आ कर जिन हमारे हिन्दु भाईयों ने अपना धर्म परिवर्तन किया है उनकी शुद्धि कर अपने धर्म समाज में उनको वापिस लाना परम आवश्यक है। अब तो यही इच्छा है कि दूसरा शरीर धारण कर शुद्धि के अधुरे काम को पूरा करूं।

3 हमारा यह कर्तव्य बनता है जिस देश में हमारा जन्म हुआ, जिस देश के पदार्थो का प्रयोग कर हम बड़े हुये उसकी उन्नती के लिये तन, मन धन से काम करें। श्रीराम का कार्य इस लिये सफल हुआ क्याकि उन्हें हनुमान जैसा सेवक मिला, स्वामी दयानन्द का काम अभी अधुरा है, वह तभी पूरा होगा जब हनुमान जैसे सेवक मिलेंगे और हमारे सभी कार्यो सत्य पर अधारित होगें स्मरण रखो यह संसार सत्य पर अधारित है। सत्य के बिना राजनिती धिक्कारने योग्य है। वही देश आगे जा रहें हैं जहां सत्य धर्म है।

पिछला वर्ष कम दुखदाई होता यदि भारत का नेता कोई समझदार व्यक्ति होता

सुख चैन पहली चीज है जो कि नागरिक चाहते है।

इस में कोई संदेह नहीं कि पिछला वर्ष सारे विश्व के लिये दर्द व दुख लेकर आया। कोई भी देश इस से नहीं बचा यहां तक कि चीन भी नहीं। परन्तु जहां तक भारत का प्रश्न है यह दर्द बहुत अधिक था और आज हम विचार करें तो निष्कर्श यही निकलेगा कि यदि भारत का प्रधानमन्त्री कोई समझदार व्यक्ति होता, जिस में अंहकार कम होता और दूसरों के साथ परामर्श करके , स्वार्थ से उपर उठ कर, छोटे व्यक्तियों के दर्द व अपेक्षाओं को समझने का गुण होता तो निश्चित तौर पर आम व्यक्ति को पहुंचने वाली पीड़ा कहीं कम होती।

मुझे महान व्यक्तियों द्वारा कही दो बातें सदैव याद रहती है

पहली बात महात्मा गांधीं ने कही थी–––जब हम किसी जिम्मेवार ओहदे पर काम करते हुये निर्णय लें तो सदा यह विचार करें कि कि यह समाज के छोटे वर्ग पर कैसे प्रभाव डालेगा।

दूसरी चाणक्य से जब यह प्रश्न पूछा गया कि आप भी तो योग्य हैं तो फिर चन्द्रगुप्त को राजा क्यों बनाना चाहते है, स्वयं क्यों नहीं बनते?

चाण्क्य ने कहा––––राजा सामाजिक जीवन जीने वाला, पत्नि, पुत्री व पुत्रों से सम्पन्न होना चाहिये , जिससे वह हर रिश्ते के दुख को समझ सके और जनता से सही व्यवहार कर सके।



इस साल के प्रारम्भ से ही अर्थव्यवस्था बुझी बुझाी थी आवश्यकता थी उसे चिंगारी देने की परन्तु कोविड के भय में जो कदम उठाये गये उसने उसे बिल्कुल बुझा दिया। दुनिया का सब से सख्त लोक–डाउन चार घंटे के नोटिस पर लगा दिया गया जब कि हालात ऐसे नहीं थे कि इतने कम समय के नोटिस पर इतना सख्त लोक डाउन लगा दिया जाये। जो हुआ वह सब के सामने है, चार करोड़ के लगभग छोटे काम करने वाले व्यक्ति बेरोजगार हो गये। हजारों मजदूर सड़को पर ही मर गये। मेरा पूछना है कि यदि मध्यप्रदेश की सरकार को पलटने के लिये 10 दिन लोकडाउन आगे बड़ाया जा सकता है तो आम जनता को जो कि किसी भी कारण से घरों से बाहर थी, उन्हे घर पहुंचने के लिये एक हफते का समय क्यों नहीं दिया जा सकता। हम में अधि क इस विपरीत असर से न खबर इस लिये हैं कि हम आर्थिक दृष्टि से मजबूत, सरकारी मुलाजिम, पैंशन लेने वाले हैं परन्तु जो निजी सैक्टर में काम करते हैं जैसे की होटल, मनोरंजन, यातायात से जुड़े हुये, उनको आठ महीने बिना काम के रहना पड़ा। उनके घरों की हालत दयनिय हो गई। सच्चाई यह है कि उस समय भी सब कुछ वैसे ही चल सकता था जैसे आज चल रहा है। अर्थ व्यवस्था को तो हमने दुनिया भर के सभी देशों में सब से अधिक नुकसान पहुंचाया ही परन्तु कोविड को निपटने में भी हम ऐशिया द्वीप के देशों में सब से निकम्मे साबित हुये। हमारे यहां कोविड प्रभावित एक लाख में 11 व्यक्तियों की मौत हुई जब की पाकिस्तान व बंगलादेश में यह संख्या 4 है। कहने का अर्थ यह है कि हमने ऐसे कदम लिये जिस से अर्थव्यवस्था तो बिगड़ी ही परन्तु हम कोविड का मुकावला करने में भी विफल हुये।

अब बात करते हैं चीन के साथ सम्बन्धों की। 2014 जब से मोदी साहब ने कमान सम्भाली है चीन हर साल कहीं न कहीं से धुसपैठ करता है । चाहे मोदी साहब कुछ भी कहें देश का एक बड़े हिस्से पर चीन का कब्जा हो गया है जो कि वह छोड़ने वाला नहीं। जो

शक्तिशाली होता है उसके आगे झुकना ही पड़ता है, चाहे नेहरू हो या फिर मोदी। यह कह कर कि हमने चीन को मजा चख दिया, हम देश वासियों को कितना भी गुमराह कर ले परन्तु आज के समय में सच्चाई सामने आ ही जाती है और सच्चाई यही है कि गलवान में बहुत बड़ा भूमी का हिस्सा चीन ने अपने कब्जे में ले लिया है। परन्तु दुख इस बात है कि हमारे प्रधानमन्त्री ने अपने देश की जनता को सच्चाइ से दूर रख कर यही कहा कि हमारा एक भी इंच भूमी का टुकड़ा चीन के पास नहीं गया। आप भारत का मिडिया तो नियन्त्रित कर सकते हैं परन्तु सारे विश्व का नहीं।

सच्चाई यह है कि चीन इस समय तेजी से उभरती हुई दुनिया की सब से मजबूत अर्थव्यवस्था बन रही है, हमारे न मानने से या मिडिया का प्रयोग कर, हर सेमय गालियां देने से कुछ नहीं होगा। अच्छा होगा हम वैसा ही शक्तिशाली व निपुण देश बने जैसा की वह पिछले 40 वर्ष में बन गया। उनकी वस्तुओं के आयात को रोकने से काम नहीं चलेगा, जब हम ही इस कदर सक्ष्म हो जायें कि हमारा माल चीन से सस्ता और वेहतर हो, तो अपने आप ही आयात बन्द हो जायेगा और चीन देश की तरह निर्यात शुरू हो जायेगा। परन्तु उसके लिये एक ही बात की आवश्यकता है और वह है चरित्र जो कि वर्तमान राजनैजिक प्रणाली में सम्भव नहीं। केवल राम राम का जाप करने से या 1100 करोड़ का मन्दिर बनाने से चरित्र नहीं आ जाता। राम तो आपके अन्दर होना चाहिये।

सुख चैन पहली चीज है जो कि नागरिक चाहते है। पिछले वर्ष का एक भी दिन देश में शातिं का नहीं गुजरा। काविड से पहले नागरिकता को लेकर दंगे और झड़पें होती रही अब कोई उसका नाम नहीं ले रहा। कारण आसाम जो कि सब से अधिक प्रभावित है वहां पर चुनाव होने वाले हैं। हैरानगी की बात यह है कि जिस प्रांत की घुसपैठ को लेकर यह नागरिकता का मुदा देश व्यापी बना वहां जब प्रधानमन्त्री चुनावी सभा के लिये गये तो, इस डर से कि कही चुनाव में विपरीत उसर न पड़े, उसका नाम तक नहीं लिया।

कोविड जब ईश्वर की कृपा से प्राकृतिक तौर पर ही खत्म होले लगा तो किसान अन्दोलन आरम्भ हो गया। यह अन्दोलन इस लिये हुआ क्योकिं इतने बड़े मुददे को बिना किसी सलाह मशवरे के देश पर थोपा गया।

एक बात स्पष्ट है कि यह सभी विषय एक भयंकर रूप न लेते यदि निर्णय लेने वाले ने सलाहमशवरा किया होता, स्वेदनशीलता दिखाई होती और गरीबों के बारे में भी सोचा होता।

जो भाजपा के लोग यह सोचते हैं कि चाहे कुछ भी होता रहे, मोदी जी उनको सतता का सुख तो दिलाते ही रहेंगे यह भूल रहें हैं कि ईन्दिरा गाांधी के समय कांग्रेसी भी ऐसा ही सोचा करते थे। भाजपा के पास तो 307 सीटे हैं इन्द्रिरा गाांधी के पास 1983 में 373 थी परन्तु अंहकार के कारण सब बदल गया। इस में कोई बड़ी बात नहीं मोदी साहब का यह अंहकार भाजपा को ही ले डूबे। कांग्रेस में तो यदा कदा विद्रोह की बात कोई न कोई नेता कर देता था परन्तु भाजपा में तो मोदी साहब को छोड़ कर सभी नेताओं ने न बोलने की शपथ ले ली है। सता के मोह में यह चुपी विनाशकारी हो सकती है।

✪☆✪

हम अपने मूल्य को कैसे जाने

संसार में तीन चीजें बहुत मूल्यवान हैं क्योंकि यह प्रभु की कृपा के बिना प्राप्त नहीं होती। पहली है मानव का चोला, दूसरा निर्भय होना और पूर्ण रूप से अपने आप को स्वतन्त्र महसूस करना व तीसरा जीवन मे दिशा देने वाला ज्ञान वान गुरू। इन में पहली चीज––अर्थात मानव का चोला, मिलने का प्रयोजन भी असफल हो जाता है जब तक उसके पास बाकी दो चीजें नहीं होती।

एक बार गुरू नानक देव के चेले ने उनसे पूछा कि मानव जीवन का मूल्य क्या है। गुरू नानक देव ने उसे समझाने के लिये उसे एक बहू मूल्य हीरा दिया और कहा कि वह पता कर के आये कि इसका मूल्य क्या है।

चेला हीरा लेकर बाजार में चला गया और अलग अलग दुकानदारों को दिखाने लगा। पहले वह फल बेचने वाले के पास गया।––––– हे भाई इस हीरे के बदले तुम मुझे कितने पैसे दे सकते हो। फल वाले ने कहा कि मैं तुमहें इस के बदले में तीन सेब दे दूंगा। उसके बाद वह हीरे को सबजी बेलने वाले के पास ले गया।–––––––मैं तुम्हें हीरे के बदले पांच किलो टमाटर दूंगा सबजी वाले ने कहा। दूर से जब किसी ने देखा कि वह मूर्ख हीरे की कीमत का मूलयांकन सबजी और फल बेलने वाले से करवा रहा है, तो

उसने उसे अपने पास बुलाकर कहा––– हे भाई हीरे की कीमत का सही मूलयांन फल वाला या सबजी वाला नहीं कर सकता। इसके लिये तुम्हें जोहरियों के पास जाना चाहिये।

पहले जोहरी ने हीरे की कीमत 20000 रूपयें आंकी, दूसरे ने 30000 और फिर एक ने 50000 हजार। इस से वह और भी असमंजस में पड़ गया और उसी व्यक्ति के पास फिर से गया। उसने उसे एक खास जोहरी का नाम सुझाया जो कि न केवल शहर का सब से बड़ा जोहरी था बल्की अच्छे आचरण के लिये भी जाना जाता था––––वह तुम्हें गलत नहीं बतायेगा। उसके बाद तुमहें किसी और के पास जाने की जरूरत नहीं होगी।

जब उस व्यक्ति ने वह हीरा उस जोहरी को दिखाया तो वह जोहरी उसे देखकर हैरान रह गया और उस व्यक्ति से बोला–––––इस हीरे को कभी न बेचना, इसकी कोई कीमत नहीं है। यह अमूल्य है। उस व्यक्ति ने आकर जब यह गुरू नानक देव को बतलाया तो वह बोले––––मनुष्य जीवन भी इस अमूल्य हीरे की तरह है। है तो यह अमुल्य पर बहुत कम लोग इस क सही मूल्य को आंक पाते है।

जब 1,86,000 योनियों की बात की जाती है और यह कहा जाता है कि मनुष्य जीवन इतनी योनियों से गुजरने के बाद ही प्राप्त होता है, तो यह इस बात का ही सेकेत देता है कि मनुष्य जीवन कितना अमूल्य है।

जब इस बात को जान लिया कि मनुष्य जीवन इतना अमूल्य है और मृत्यु भी अवश्य है। जिसका भी जन्म हुआ है वह मृत्यु को भी अवश्य प्राप्त होगा। यानी कि हर व्यक्ति के पास इस अमुल्य मानव जीवन के सही प्रयोग का बहुत थोड़ा समय है। एक दिन गुजर गया तो जीवन का एक दिन खत्म हो गया, और देखते ही देखते मानव बचपन से बुढ़ापे में प्रवेश कर जाता है। जिन्होने जीवन को वेदों में बताये मार्ग के अनुसार जीया होता है उनके चेहरे पर अन्तिम समय में सन्तोष होता है वह मृत्यु को जीवन का सत्य जानकर चूमते है। परन्तु जिन्होने जीवन के मूल्य को नहीं समझा होता और इसका सही प्रयोग नहीं करते वह पश्चाताप में दुखी होते हैं पर उस समय पश्चाताप करने का कोई फायदा नहीं होता। शरीर शिथिल हो चुका होता है। व्यक्ति चाह कर भी कुछ करने में बेबस होता है। मृत्यु का भय हर पल अन्हें सताता है।

तो क्यों न इस जीवन के हर ऐक क्षण का सही प्रयोग किया जाये। यह तभी सम्भव है जब मनुष्य धर्म के रास्ते पर चले। धर्म का मार्ग वह है जो सत्य और न्याय का आचरण करवाता है। इस के मुख्य लक्ष्ण हैं सत्य बोलना, सद्व्यवहार करना, धैर्य, सहनशीलता, किसी से द्वेष, ईर्ष्या व घृणा न करना, परोपकार करना, कृत्ज्ञ होना अपने काम को ऐसे करना जिससे दूसरों को सुख पहुंचें आदि।

धर्म द्वारा अर्थ अर्थात धन और ऐश्वर्य की प्राप्ती करे। और ऐसे धन से ही भोगों का सेवन करे । अर्थात धर्म द्वारा प्राप्त धन से ही जीवन निर्वाह करे

जब वह ऐसा करेगा तो उसके लिये मोक्ष–– जो दुखों से छुड़ाकर कर सदैव आनन्द में रखता है, की प्राप्ती अवश्य होगी। यही है जीवन के मुल्य को समझना और उसे ठीक ढंग से जीना।

रजि. नं. : 4262/12

।। ओ३म् ।।

फोन : 94170-44481, 95010-84671

महर्षि दयानन्द बाल आश्रम

मुख्य कार्यालय -1781, फेज़ 3बी-2, सैक्टर-60, मोहाली, चंडीगड़ - 160059
शाखा कार्यालय - 681, सैक्टर-4, नज़दीक गुरुद्वारा, मुंडीखरड़-मोहाली
आर्य समाज मंदिर, चंडीगढ़ व पंचकुला
E-mail : dayanandashram@yahoo.com, Website : www.dayanandbalashram.org

MR M.L.GUPTA DISTRIBUTED BANANA AND MILK IN MEMORY OF HIS PARENTS



धार्मिक माता/पिता 2100 प्रति माह
धार्मिक बहन/भाई 1500 प्रति माह
धार्मिक बन्धु 1000 प्रति माह
धार्मिक सखा 500 प्रति माह
धार्मिक सहयोगी 100 प्रति माह
धार्मिक साथी 50 प्रति माह

आप आर्थिक सहयोग देकर भी पुण्य के भागी बन सकते है :-

A/c No. : 32434144307
Bank : SBI
IFSC Code : SBIN0001828

All donations to this organization are exempted under section 80G

स्वर्गीय
श्रीमती शारदा देवी
सूद

निमार्ण के 63 वर्ष

गैस ऐसीडिटी
शिमला का मशहूर
कामधेनु जल

(एक अनोखी आर्युवैदिक दवाई
मुख्य स्थान जहां उपलब्ध है)

स्वर्गीय
डॉ0 भूपेन्दर नाथ गुप्त
सूद

Chandigarh-2691964, 5076448, 2615360, 2700987, 2708497, Manimajra-2739682, Panchkula 2580109, 2579090, 2571016, Mohali-2273123, 2212409, 2232276, Zirakpur-295108, Shimla- 2655644, Delhi-23344469, 27325636, 47041705, 27381489,Yamunanagar-232063, Dehradoon-2712022, Bhopal-2550773, 9425302317, Jaipur-2318554, Raipur-9425507000, Lucknow-2683019, Ranchi-09431941764, Guwhati-09864785009, 2634006, Meerut- 8923638010, Bikaner-2521148, Batala-240903, Gwaliyar-2332483, Surat-2490151, Jammu-2542205m, Gajiabad-2834062, Noida-2527981, Nagpur-9422108322, Ludhiana-2741889, 9915312526, Amritsar-2558543, Jallandhar-2227877, Ambala Cantt-4002178, Panipat-4006838, Agra-0941239552,
Patiala-2360925, Bhatinda-2255790

Medicine is available in other places also, Please contact us to know the name of the shop/dealer.

शारदा फारमासियुटिकलज मकान 231ए सैक्टर 45–ए चण्डीगढ़ 160047

0172-2662870, 92179 70381, E-mail : bhartsood@yahoo.co.in

जिन महानुभावो ने बाल आश्रम के लिए दान दिया

MADHU SOOD

MR AVANI GUPTA

MR MUKESH GUPTA

PANKAJ KAPOOR

SARLA

SURYA S NATH

Mrs Vinod Bala donated ration to bal Ashram

Shalini Nagpal D/o Dr Saroj Miglani performing Havan with the children

विज्ञापन / Advertisement

यह पत्रिका शिक्षित वर्ग के पास जाती है आप उपयुक्त वर–वधु की तलाश, प्रियजनों को श्रद्धा सुमन, अपने व्यापार को आगे ले जाने के लिये शुभ–अशुभ सूचना विज्ञापन द्वारा दे सकते है।

Half Page Rs. 250/- Full Page Rs. 500/- 75 words Rs. 100

Contact : Bhartendu Sood 231, Sector 45-A, Chandigarh
9217970381 and 0172-2662870